Prepp
Your Personal Exams Guide

(C) 1 (D) 2

उत्तर (Answers)

1. (B)	2. (C)	3. (D)	4. (C)
5. (A)	6. (B)	7. (A)	8. (D)
9. (B)	10. (C)	11. (D)	12. (D)
13. (D)	14. (A)	15. (B)	16. (B)
17. (D)	18. (C)	19. (B)	20. (D)
21. (C)	22. (D)	23. (D)	24. (C)
25. (D)	26. (A)	27. (B)	28. (D)
29. (D)	30. (A)	31. (A)	32. (A)
33. (B)	34. (C)	35. (C)	36. (A)
37. (D)	38. (B)	39. (A)	40. (A)
41. (D)	42. (D)	43. (A)	44. (A)
45. (B)	46. (B)	47. (C)	48. (A)
49. (A)	50. (D)	51. (B)	52. (C)
53. (D)	54. (B)	55. (C)	56. (A)
57. (B)	58. (B)	59. (A)	60. (A)
61. (A)	62. (C)	63. (A)	64. (D)
65. (D)	66. (A)	67. (B)	68. (B)
69. (B)	70. (D)	71. (C)	72. (A)
73. (B)	74. (B)	75. (C)	76. (A)
77. (D)	78. (D)	79. (D)	80. (B)
81. (D)	82. (B)	83. (C)	84. (B)
85. (C)	86. (C)	87. (D)	88. (D)
89. (C)	90. (B)	91. (D)	92. (A)
93. (A)	94. (D)	95. (D)	96. (B)
97. (C)	98. (C)	99. (B)	100. (D)

संकेत (Hints)

1. मौर्य सम्राट बिन्दुसार का पुत्र अशोक भारत के महानतम सम्राटों में से एक था । अशोक का जन्म 304 ईसा पूर्व में हुआ था । उसने 268 से 232 ईसा पूर्व तक भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन किया

3. पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज इवांडर होलीफील्ड को 'द रियल डील' के उपनाम से जाना जाता था । वह निर्विवादित रूप से क्रूसरवेट और हेवीवेट दोनों वर्गों के विश्व चैम्पियन थे । उन्होंने 1990 में डब्ल्यूबीए, डब्ल्यूबीसी, आईबीएफ और लाइनियल खिताब जीता ।

4. माना कि दो सतत् संख्याएँ हैं– y एवं $(y+1)$

प्रश्नानुसार,

$$3y - 2(y+1) = 5$$
$$\Rightarrow 3y - 2y - 2 = 5$$
$$\Rightarrow y = 5 + 2 = 7$$

∴ संख्याएँ हैं– 7 एवं 8

5. दाम्बुला गुफा मन्दिर श्रीलंका में कैंडी के निकट स्थित एक विश्व धरोधर स्थल है । यह श्रीलंका का सबसे बड़ा और सबसे सुरक्षित गुफा मन्दिर कॉम्प्लेक्स है । इस मन्दिर में भगवान बुद्ध की कुल 153 मूर्तियाँ हैं ।

7. प्रश्नानुसार,

$$A \text{ की ऊँचाई} = \frac{5}{8} \times B \text{ की ऊँचाई}$$

$$\therefore \frac{B \text{ की ऊँचाई}}{B \text{ की ऊँचाई}} = \frac{8}{5}$$

8. प्रियंका → मैरी → रेयान → सुनील → आशा

पंक्ति में सबसे पहले प्रियंका खड़ी है ।

10. इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा 18 मार्च, 1919 को दिल्ली में रॉलेट एक्ट पारित किया गया था । इसे अराजकतावादी और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम, 1919 के रूप में भी जाना जाता था ।

11. संख्या शृंखला का पैटर्न है–

$6 + 6 = 12$

$12 + 8\ (= 6 + 2) = 20$

$20 + 10 = 30$

$30 + 12 = \boxed{42}$

$42 + 14 = 56$

$56 + 16 = 72$

12. सात भुजाओं वाले बहुभुज को सप्तभुज कहते हैं ।

13. अभीष्ट संख्या $= 107.03 - 96.4 = 10.63$

Prepp
Your Personal Exams Guide

14. 'भोथड़ा' (Blunt) विपरीतार्थक है 'तेज' (Sharp) का । उसी प्रकार, 'बोना' विपरीतार्थक है 'फसल काटना' का ।

15. फरहान > मोहन > रोहन
मोहन > कानन > रोहन
शंकर > फरहान > रोहन
अब, शंकर > फरहान > मोहन > कानन > रोहन
स्पष्टतः, शंकर सबसे लंबा है ।

16.



$\angle PQR = 90^\circ$
$PQ = QR$
$\angle QPR = \angle QRP = \dfrac{90^\circ}{2} = 45^\circ$

17. पाकिस्तान के पूर्वी सिंध प्रान्त और पंजाब प्रान्त के दक्षिण-पूर्वी भाग तक थार का मरुस्थल फैला हुआ है । चोलिस्तान मरुस्थल पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त तक फैले थार के मरुस्थल से संलग्न है ।

18. A●———●B
AB = 300 किमी.
बिन्दु A से चलने वाले स्कूटर सवार की चाल = y किमी./घंटा
∴ दूसरे स्कूटर सवार की चाल
= $(y + 10)$ किमी./घंटा
प्रश्नानुसार,
2.5 घंटे में तय की गई कुल दूरी
= 300 − 25 = 275 किमी./घंटा
$\Rightarrow y \times 2.5 + (y + 10) \times 2.5 = 275$
$\Rightarrow y + y + 10 = \dfrac{275}{2.5} = 110$
$\Rightarrow 2y = 110 - 10 = 100$
$\Rightarrow y = \dfrac{100}{2} = 50$ किमी./घंटा
∴ दूसरे स्कूटर की चाल = 60 किमी./घंटा

19. पुस्तक की सहायता से शिक्षक अध्यापन कार्य करते हैं । उसी प्रकार, स्टेथोस्कोप की सहायता से डॉक्टर रोगी की जाँच करते हैं ।

20. 50 एवं 100 के मध्य अभाज्य संख्याएँ है– 53, 59, 61, 67, 71, 73, 79, 83, 89, 97

21. वास्को-डि-गामा 20 मई, 1498 को केरल में कोझीकोड (कालीकट) के निकट कप्पड तट पर पहुँचा । उसकी यात्रा के परिणामस्वरूप यूरोप से भारत आने वाले समुद्री मार्ग की स्थापना हुई ।

22. XCVI = 96

23. अभीष्ट ल. स.
$= \dfrac{\text{संख्याओं का गुणनफल}}{\text{उनका म. स.}}$
$= \dfrac{35828}{26} = 1378$

24. $28 = 4 \times 7$
$44 = 4 \times 11$
$68 = 4 \times 17$
$\boxed{80 = 4 \times 20}$
$92 = 4 \times 23$
80 को छोड़कर अन्य संख्याएँ 4 से विभाजित होने पर भागफल अभाज्य संख्याएँ देती है ।

25. पेनिसिलीन की खोज स्कॉटलैंड के वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ्लेमिंग द्वारा वर्ष 1928 में की गई थी । इस खोज के लिए फ्लेमिंग को हावर्ड फ्लोरी और इर्नस्ट बोरिस चेन के साथ 1945 में चिकित्साशास्त्र का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था ।

26. अजय एवं अमन का 1 दिन का काम
$= \dfrac{1}{12} + \dfrac{1}{9} = \dfrac{3+4}{36} = \dfrac{7}{36}$
∴ अभीष्ट समय $= \dfrac{36}{7} = 5\dfrac{1}{7}$ घंटे

27. व्यंजक
$= \sqrt{(1-\sin^2\theta) + (1-\cos^2\theta)}$
$= \sqrt{\cos^2\theta + \sin^2\theta} = \sqrt{\cot^2\theta}$
$= \cot\theta$

28. जिस प्रकार,
C O W
↓ ↓ ↓
3 + 15 + 23 = 41

G O A T
↓ ↓ ↓ ↓
7 + 15 + 1 + 20 = 43

उसी प्रकार,
D O G
↓ ↓ ↓
4 + 15 + 7 = 26

29. कर्णम मल्लेश्वरी एक भारतीय भारोत्तोलक हैं । जिन्होंने ओलम्पिक में प्रतिष्ठित कांस्य पदक जीतने के अलावा 11 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते ।

30. प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस मनाया जाता है । 24 मार्च, 1882 को डॉ. रॉबर्ट कोच ने क्षयरोग के प्रमुख कारण टीबी बैसिलस की खोज की थी ।

31. तमिल बोलने वाले विद्यार्थी = 28
तेलुगु बोलने वाले विद्यार्थी = 20
तमिल एवं तेलुगू बोलने वाले विद्यार्थी
= 28 + 20 − 40 = 8
केवल तमिल बोलने वाले विद्यार्थी
= 28 − 8 = 20

32. केवल तेलुगू बोलने वाले विद्यार्थी
= 20 − 8 = 12

33. तेलुगू एवं तमिल बोलने वाले विद्यार्थी
= 8

34. जिस प्रकार वृत्त की सीमा की कुल लम्बाई को परिधि कहते हैं । उसी प्रकार, वर्ग की चारों भुजाओं की कुल लम्बाई को परिमिति कहते हैं ।

35. प्रश्नानुसार कोडित करने पर,
A M E R I C A
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
1 7 3 4 6 5 1

I N D I A
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
6 8 9 6 1

इसलिए,
C A N A D A
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
5 1 8 1 9 1

36. 4665 > 4655 > 4565 > 4465 > 4456

37. दामोदर नदी को आरंभ में 'बंगाल का शोक' के रूप में जाना जाता है । इस नदी के कारण बर्धमान, हुगली, हावड़ा के कई क्षेत्रों और मेदिनीपुर सहित कई जिले बाढ़ से प्रभावित होते हैं ।

38. धमनियाँ ऑक्सीजनीकृत रक्त को हृदय से प्राप्त करती हैं और उसे शरीर के सभी भागों तक पहुँचाती हैं, जबकि फुस्फुस धमनी ऑक्सीजनीकरण के लिए रक्त को फेफड़ों तक पहुँचाती हैं ।

39. वर्ष 1951 में भारतीय संविधान में पहला संशोधन किया गया था । यह संशोधन भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दुरूपयोग पर रोक लगाता है । यह संशोधन भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा 10 मई, 1951 को किया गया था जिसे बाद में 18 जून, 1951 को संसद द्वारा पारित किया गया था ।

40. अंतिम से ठीक एक पहले के आगे का अर्थ अंतिम से तीसरा हुआ ।

41. अंतर्राष्ट्रीय मानक प्रणाली (एसआई) में प्रीफिक्स गीगा का अर्थ 10^9 है । इस प्रकार एक गीगाबाइट 10,000,000,00 बाइट्स या 10,000,00 किलोबाइट (KB) के समान है ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

42. मंगल ग्रह के दो उपग्रह हैं : फोबोस और डीमोस । दोनों उपग्रहों की खोज 1877 में आसफ हॉल द्वारा की गई थी ।

43. $\cot A = \frac{12}{5}$

व्यंजक $= (\sin A + \cos A) \times \text{cosec}A$

$= \sin A.\text{cosec}A + \cos A.\text{cosec}\, A$

$= 1 + \frac{\cos A}{\sin A} = 1 + \cot A$

$= 1 + \frac{12}{5} = \frac{5+12}{5} = \frac{17}{5}$

44. लूना 10 (E-6S सीरीज) चन्द्रमा के चारों ओर परिक्रमा करने वाला प्रथम वायुयान था । सोवियत संघ द्वारा 1966 में आरम्भ किया गया । लूना प्रोग्राम अर्थात् रोबोट-विज्ञान से संबंधित वायुयान मिशन था, जिसे लुनिक 10 भी कहते हैं । यह चन्द्रमा का प्रथम कृत्रिम उपग्रह था ।

45. निकोसिआ साइप्रस गणराज्य सरकार का निवासस्थान और राजधानी है । यह पेडियोज नदी के किनारे, मेसाओरिआ मैदान के मध्यवर्ती क्षेत्र के निकट स्थित है ।

46.

1	2	3	4	5	6	7
C	R	I	C	K	E	T

48. मृणालिनी साराभाई दर्पण अकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की संस्थापक थीं । वह एक भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना, नृत्सर्जक और प्रशिक्षिका थीं । यह संस्थान अहमदाबाद में स्थित है ।

49. यहाँ बहन को पिता कहा गया है ।

प्रश्न 50 से 52 तक के लिए संकेत :

50 ठीक मध्य में मनाली बैठी है ।

51. ऊर्जा तथा मनाली, ध्वनि तथा रूही के बीच बैठी हैं ।

52. ध्वनि, तान्या के ठीक दायीं ओर बैठी है ।

53. 144 संतरों का विक्रय मूल्य

$= \frac{360 \times 110}{100} = 396$ रुपए

$\therefore$ प्रति दर्जन दर $= \frac{396}{144} \times 12$

$= 33$ रुपए

54. राम के पुत्र की वर्तमान उम्र $= y$ वर्ष

$\therefore$ पिता की वर्तमान उम्र $= 4y$ वर्ष

5 वर्ष बाद,

$4y + 5 = 3(x + 5)$

$\Rightarrow 4y + 5 = 3x + 15$

$\Rightarrow 4y - 3x = 15 - 5$

$\Rightarrow y = 10$ वर्ष

$\therefore$ पिता की उम्र $= 40$ वर्ष

55. (1– 12) आयु वर्ग में बच्चों का भाग $= \frac{2}{3}$

(1 – 8) आयु वर्ग में बच्चों का भाग

$= \frac{2}{3} \times \frac{3}{4} = \frac{1}{2}$

$\therefore$ (9 – 12) आयु वर्ग में बच्चों का भाग

$= \frac{2}{3} - \frac{1}{2} = \frac{4-3}{6} = \frac{1}{6}$

56. एक सामान्य वर्ष में एक विषम दिवस होता है । वर्ष 2012 एक अधिवर्ष था । वर्ष 2012 में दो दिन अधिक है । अतः, वर्ष 2012 में क्रिसमस रविवार + 2 = मंगलवार को मनाया गया ।

57. महात्मा गाँधी ने 8 अगस्त, 1942 को क्रिप्स मिशन के असफल होने के बाद मुंबई स्थित गोवालिया टैंक मैदान में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत करते हुए अपने भाषण में 'करो या मरो' का नारा दिया था ।

58. 100 अंडों का क्रय मूल्य

$= 6 \times 100 = 600$ रुपए

10% लाभ पर 25 अंडों का विक्रय मूल्य

$= \frac{25 \times 6 \times 110}{100} = 165$ रुपए

25% हानि पर 25 अंडों का विक्रय मूल्य

$= \frac{25 \times 6 \times 75}{100} = 112.5$ रुपए

20% लाभ पर 50 अंडों का विक्रय मूल्य

$= \frac{50 \times 6 \times 120}{100} = 360$ रुपए

कुल विक्रय मूल्य = (165 + 112.5 + 360) रुपए

= 637.5 रुपए

$\therefore$ लाभ प्रतिशत $= \left(\frac{637.5 - 600}{600}\right) \times 100$

$= \frac{3750}{600} = 6.25\%$

59. दर $= R = 8\%$ प्रति वर्ष $= 4\%$ प्रति अर्द्ध-वर्ष

समय $= \frac{3}{2}$ वर्ष $= 3$ अर्द्ध वर्ष

$$A = P\left(1 + \frac{R}{100}\right)^T$$

$= 37500\left(1 + \frac{4}{100}\right)^3$

$= 37500\left(1 + \frac{1}{25}\right)^3$

$= 37500\left(\frac{26}{25}\right)^3$

$= \frac{37500 \times 26 \times 26 \times 26}{25 \times 25 \times 25}$

$= 42812.4$ रुपए

60. सामान्य महासागरीय लहरें प्रायः वायु के कारण उत्पन्न होती हैं, जबकि सूनामी जल के विस्थापन के कारण आती है । सूनामी, समुद्रतल में भूकंप आने के परिणामस्वरूप जल की विशाल मात्रा के विस्थापन के कारण जलाशय या समुद्र में उत्पन्न होने वाले लहरों की श्रृंखला है ।

61. दो अनुपूरक कोणों का योग 180° होता है ।

62. लेंस आँख में विद्यमान कॉर्निया के साथ मिलकर अपवर्तित प्रकाश को रेटिना पर केंद्रित करने में सहायता करता है ।

63.

B का लिंग ज्ञात नहीं है ।

अतः, B या तो दादा है C का या दादी है C की ।

अतः निर्धारित नहीं किया जा सकता है ।

64. हैदराबाद में स्थित चारमीनार का निर्माण कुतुबशाही राजवंश के पाँचवें शासक सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुब शाह ने 1591 में 'प्लेग के उन्मूलन' की स्मृति में कराया था ।

65. प्रथम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच 1844 में अमेरिका और कनाडा के मध्य न्यूयॉर्क में खेला गया था । यह मैच कनाडा ने 23 रन से जीता था । यह मैच 24–26 सितम्बर, 1844 के मध्य सेंट जॉर्ज क्रिकेट क्लब, ब्लूमिंगडेल पार्क, न्यूयॉर्क में खेला गया था ।

66. ओडिशा के कोणार्क सूर्य मन्दिर का निर्माण लगभग 1250 ई. में पूर्वी गंग राजवंश के शासक नरसिम्हदेव I द्वारा कराया गया था ।

67. भारत में, वर्ष 2014 के आम चुनाव के दौरान 16वीं लोक सभा के सदस्यों का निर्वाचित किया गया था । भारतीय जनता पार्टी ने 543 में से 282 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न 68 से 70 तक के लिए संकेत :

	उत्तर			
प्रश्न संख्या	(A)	(B)	(C)	(D)
1	×	×	√	×
2	×	√	×	×
3	√	×	×	×
4	×	×	√	×

68. दिव्या ने प्रश्न संख्या 1 एवं 3 के उत्तर सही दिए ।

69. अमर ने प्रश्न संख्या 4 का उत्तर सही दिया ।

70. सेरा ने प्रश्न संख्या 2 का उत्तर सही दिया ।

71. बृहस्पतिवार से रविवार तक बेची गई साइकिलें
$= 12 + 10 + 7 + 11 = 40$

72. प्रोटोजोआ एक यूनिसेलूलर, यूकेरियोटिक सूक्ष्मजीव है । वर्ष 1818 में एक वर्गिकी संवर्ग के लिए प्रोटोजोआ शब्द का प्रयोग किया गया था ।

73. कार्ले की गुफाएँ महाराष्ट्र के लोनावाला के निकट करली में स्थित हैं । कार्ले की गुफाएँ भारत के प्राचीन बौद्ध गुफाओं का समूह है । इन गुफाओं का निर्माण चट्टानों को काटकर गुफा-वेदियों के रूप में किया गया था ।

75. प्रथम तापदर्शी (थर्मोस्कोप) का निर्माण गैलीलियो गैलिली ने 1593 में किया था ।

76. 1 डेकालीटर = 10 लीटर

77. राज्यपाल किसी राज्य का मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष होता है, राज्यपाल मंत्रिपरिषद् और मुख्यमंत्री की सलाह पर अपने कार्यकारी कार्यों का निर्वाह करता है ।

78. पृथ्वी का सही आकार चपटा-गोलाभ कहलाता है ।

79. ब्रिक्स पाँच प्रमुख उभरती अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं; ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह को व्यक्त करने वाला एक संक्षिप्त शब्द है ।

80. तीनों नलों को खोलने पर 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग

$$= \frac{1}{5} + \frac{1}{10} - \frac{1}{20}$$

$$= \frac{4+2-1}{20} = \frac{5}{20} = \frac{1}{4}$$

∴ अभीष्ट समय = 4 घंटे

81. कंपनी के कर्मचारियों का औसत वेतन

$$= \left(\frac{36200 \times 10 + 33550 \times 15}{10+15}\right) \text{ रुपए}$$

$$= \left(\frac{362000 + 503250}{25}\right) \text{ रुपए}$$

$$= \left(\frac{865250}{25}\right) \text{ रुपए} = 34610 \text{ रुपए}$$

82. शुतुर्मुर्ग उड़ने में असमर्थ है ।

83. $\frac{a^2 - b^2}{a+b} = 25$

$$\Rightarrow \frac{(a+b)\ (a-b)}{a+b} = 25$$

$$\Rightarrow a - b = 25$$

84. अरुणा आसफ अली को 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुम्बई स्थित गोवालिया टैंक मैदान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का ध्वज फहराने के लिए याद किया जाता है । उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था ।

85. मेज का क्रय मूल्य $= \frac{4200 \times 100}{75}$
$= 5600$ रुपए

25% लाभ के लिए

मेज का विक्रय मूल्य $= \frac{5600 \times 125}{100}$
$= 7000$ रुपए

86. 1 मिनट 12 सेकंड = 72 सेकंड
1 घंटा = 3600 सेकंड

∴ अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{72}{3600} \times 100$
$= 2\%$

87. अभीष्ट गुणनफल $= \sqrt{16} \times \sqrt{4}$
$= 4 \times 2 = 8$

88. चेतक महाराणा प्रताप के घोड़े का नाम था । जिसपर उन्होंने 21 जून, 1576 को हल्दीघाटी के युद्ध के दौरान सवारी की थी ।

89.



अब, उसका मुख पूर्व की ओर है ।

90. 35 खंभों के मध्य दूरी = 35 × 50
= 1750 मीटर

समय = 60 सेकंड

∴ बस की चाल $= \left(\frac{1750}{60}\right)$ मीटर/सेकंड

$= \left(\frac{1750}{60} \times \frac{18}{5}\right)$ किमी./घंटा

= 105 किमी./घंटा

91.



92. 5 विषयों में कुल प्राप्तांक $= 80 \times 5 = 400$
4 विषयों में कुल प्राप्तांक
$= 67 + 69 + 78 + 88$
$= 302$
∴ पाँचवें विषय में प्राप्तांक
$= 400 - 302$
$= 98$

94. ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप ऑस्ट्रेलिया, तस्मानिया, पापूआ न्यू गिनी, सेरम, तिमोर और पड़ोसी द्वीपों से मिलकर बना है । यही सबसे छोटा महाद्वीप है ।

95. किसी तत्व के परमाण्विक भार को सामान्यत: कार्बन 12 के सापेक्ष द्रव्यमान के रूप में व्यक्त किया जाता है ।

96. यह संबंध समीकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है : $f = \frac{v}{\lambda}$ जहाँ λ = तरंगदैर्ध्यता, f = तरंग की आवृत्ति और v = तरंग की गति-या तरंग का वेग ।
समीकरण से स्पष्ट है-
जब आवृत्ति में वृद्धि होती है, तो तरंगदैर्ध्यता में कमी होती है ।

97. $1^3, 2^3, 3^3, 4^3, 5^3, 6^3,$
अत: बेमेल संख्या = 36

98. अभीष्ट समय = 15, 20 एवं 30 मिनट का
ल. स. = 60 मिनट
यानी 12 बजे दोपहर

99. कुचिपुड़ी भारत का एक शास्त्रीय नृत्य है, जिसकी उत्पत्ति मूल रूप से आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में हुई थी ।

100. 3 वर्ष का ब्याज

$$= \frac{275000 \times 3 \times 8}{100} = 66000 \text{ रुपए}$$

भुगतान की जाने वाली धनराशि
= (275000 + 66000) रुपए
= 341000 रुपए

भुगतान की गई धनराशि
= 335000 रुपए

∴ स्कूटर का मूल्य
= (341000 − 335000) रुपए
= 6000 रुपए